स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की दिनांक–14.03.2019 को अपराहन् 3.30 बजे प्राचार्य कक्ष में संपन्न हुई बैठक की कार्यवाही :–

---

1. उपस्थिति :– बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए :–

क्र.सं०	नाम	धारित पद	उपस्थिति	हस्ताक्षर
01.	डॉ० संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय	अध्यक्ष	उपस्थित	14/03/19
02.	श्री विंध्याचल पाण्डेय, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय	सदस्य	उपस्थित	14/3/19
03.	श्री राजेश कुमार राय, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय	विशेष आमंत्रित सदस्य	उपस्थित	14/3/19
04.	डॉ० प्रसाद पासवान, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय	सदस्य	उपस्थित	14/03/19

02. बैठक में सत्र 2018–19 में नामांकित छात्रों के आवासन संबंधित विषय पर विशेष परिचर्चा हुई । बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की भाँति ही नये नामांकित छात्रों को षष्ठ आश्रमवर्ग में ही रखने की व्यवस्था की जाय। षष्ठ आश्रमवर्ग के प्रत्येक आश्रम के आश्रमाध्यक्षों के द्वारा चयनित द्वितीय वर्ष के छात्रों को ही प्रथम वर्ष के छात्रों के साथ रखा जाय; जिसकी मदद से वे विद्यालय के दैनिक क्रिया–कलापों का मार्गदर्शन प्राप्त कर सके।

03. षष्ठ आश्रमवर्ग में रह रहे शेष द्वितीय वर्ष के छात्रों को पूर्व व्यवस्था के अंतर्गत आवंटित आश्रमों में रखने पर सहमति प्रदान की गई। साथ ही साथ पंद्रह दिनों के समय अंतराल में आश्रमाध्यक्षों की एक बैठक बुलाये जाने पर निर्णय हुआ।

04. प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली अंतर आश्रमवर्गीय खेल–कूद प्रतियोगिता के संबंध में बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रथम वर्ष के छात्रों के आने के बाद करने का निर्णय लिया गया।

05. सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि सत्र 2018–19 में नामांकित होने वाले छात्रों का क्रमांक 19001 से 19100 रखी जाय।

सधन्यवाद, बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई। कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति के निर्णयार्थ सादर समर्पित।

14/03/19
(1) डॉ० प्रसाद पासवान,
सह–शिक्षक, ने०आ०वि०
सह–सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति
नेतरहाट विद्यालय समिति।

14/3/19
(2) श्री राजेश कुमार राय,
सह–शिक्षक, ने०आ०वि०
विशेष आमंत्रित सदस्य,
स्थानीय प्रबंधन समिति,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

14/3/19
(3) श्री विन्ध्याचल पाण्डेय
सह–शिक्षक, ने०आ०वि०
सह–सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति
नेतरहाट विद्यालय समिति।

14/03/19
(4) डॉ० संतोष कुमार सिंह,
प्राचार्य, ने०आ०वि०
सह–अध्यक्ष स्थानीय प्रबंधन समिति
नेतरहाट विद्यालय समिति।